पेपर सील खोले बगैर इस तरफ से उत्तर शीट को बाहर निकालें ।

**Without opening the Paper seal take out Answer Sheet from this side.**

परीक्षा का वर्ष : 2023

प्रश्न-पुस्तिका

# JWR

अपना अनुक्रमांक सामने अंकों में बॉक्स के अन्दर लिखें

शब्दों में

प्रश्न-पुस्तिका शृंखला

**A**

## सामान्य हिन्दी, सामान्य ज्ञान व सामान्य अध्ययन, उत्तराखण्ड से संबंधित विविध जानकारियाँ

## General Hindi, General Knowledge & General Studies, Uttarakhand Related Various Knowledge

समय : 02:00 घंटे
पूर्णांक : 100

**Time : 02:00 Hours**
**Maximum Marks : 100**

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।

### महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अनुक्रमांक के अतिरिक्त कुछ न लिखें ।
2. **यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक त्रुटि हो तो प्रश्न के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।**
3. **अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक, विषय-कोड एवं प्रश्न-पुस्तिका की सीरीज का अंकन OMR Sheet में निर्दिष्ट कॉलम में सही-सही करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।**
4. **अभ्यर्थी रफ कार्य हेतु प्रश्न-पुस्तिका (बुकलेट) के अन्त में दिये गये पृष्ठों का ही केवल उपयोग करें । अलग से इस हेतु वर्किंग शीट उपलब्ध नहीं करायी जायेगी । अभ्यर्थी प्रश्न-पुस्तिका के अंदर रफ कार्य के अतिरिक्त कुछ भी न लिखें ।**
5. इस प्रश्न-पुस्तिका में **100 प्रश्न** हैं जिसमें **भाग-1 (सामान्य हिन्दी)** में **20** प्रश्न, **भाग-2 (सामान्य ज्ञान व सामान्य अध्ययन)** में **40** प्रश्न एवं **भाग-3 (उत्तराखण्ड से संबंधित विविध जानकारियाँ)** में **40** प्रश्न दिये गये हैं । प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर, प्रश्न के नीचे (a), (b), (c) एवं (d) दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. आंसर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला/नीला कर दें ।**
6. प्रश्न-पुस्तिका में अंकित सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न के समान अंक हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
7. आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वस्तुनिष्ठ प्रकृति की परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) पद्धति अपनायी जायेगी । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु दिए गए गलत उत्तर के लिए या अभ्यर्थी द्वारा एक प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने के लिए (चाहे दिए गए उत्तर में से एक सही ही क्यों न हो), उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का **एक-चौथाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा । दण्ड स्वरूप प्राप्त अंकों के योग को कुल प्राप्तांक में से घटाया जाएगा ।
8. अपने उत्तर आपको अलग से दिये गये ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में अंकित करने हैं । **आपके द्वारा सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर ही दिया जाना अनिवार्य है ।** ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा ।
9. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में वांछित सूचनाओं को अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व भरा जाना अनिवार्य है ।
10. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक तीन प्रतियों (मूल प्रति, कार्यालय प्रति एवं अभ्यर्थी प्रति) में है । परीक्षा समाप्ति के उपरान्त अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की मूल प्रति एवं कार्यालय प्रति अन्तरीक्षक (Invigilator) को हस्तगत करने के उपरान्त ही कक्ष छोड़े, अन्यथा की स्थिति में आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की अभ्यर्थी प्रति, अभ्यर्थी अपने साथ ले जा सकते हैं ।**
11. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक प्रतीक्षा करें, जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।
12. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) का मूल्यांकन ओ.एम.आर. आंसर शीट पर अभ्यर्थी द्वारा अंकित सीरीज कोड (A, B, C, D) के आधार पर ही किया जायेगा ।
13. प्रश्न-पुस्तिका (Question Booklet) में से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) निकालने के पश्चात् ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका क्रमांक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड (A, B, C, D) की प्रविष्टि सावधानीपूर्वक करें । यदि उक्तानुसार कार्यवाही नहीं की जाती है, तो उसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।

जब तक न कहा जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।

महत्त्वपूर्ण : प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका सीलबंद न हो अथवा कोई अन्य कमी हो, तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।

## भाग-1

## सामान्य हिन्दी

1. आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी को उनकी किस पुस्तक पर साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला ?
   (a) अशोक के फूल (b) कुटज (c) आलोक पर्व (d) बाणभट्ट की आत्मकथा

2. 'बिन्दरा' नामक गढ़वाली नाटक के लेखक हैं
   (a) डॉ. हरिदत्त भट्ट 'शैलेष' (b) डॉ. पुरुषोत्तम डोभाल
   (c) मंगलेश डबराल (d) भगवतीप्रसाद चन्दोला

3. उपमेय में उपमान का निषेधरहित आरोप होने पर कौन सा अलंकार होता है ?
   (a) उपमा (b) अनुप्रास (c) यमक (d) रूपक

4. 'रिक्थ' शब्द के लिए उपयुक्त वाक्यांश है
   (a) युद्ध में बड़ी कुशलता के साथ लड़ने वाला
   (b) जिसका वंश लुप्त हो गया हो
   (c) पुरानी पीढ़ी द्वारा नयी पीढ़ी को मिलने वाली संपत्ति
   (d) जिसका वर्णन करना संभव न हो

5. 'बसंत की कोकिल' मुहावरे का सही अर्थ है
   (a) वैभवशाली का गुणगान करने वाला (b) सौंदर्य से प्रेम करने वाला
   (c) यदा–कदा प्रकट होने वाला (d) अवसर का लाभ उठाने वाला

6. पहाड़ी हिन्दी का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है ?
   (a) ब्राचड़ अपभ्रंश से (b) शौरसेनी अपभ्रंश से (c) खस अपभ्रंश से (d) अर्द्धमागधी अपभ्रंश से

7. 'सरकार' शब्द किस भाषा का है ?
   (a) अरबी (b) पश्तो (c) तुर्की (d) फारसी

8. इनमें प्रारूपण की विशेषता नहीं है :
   (a) प्रारूपण की भाषा स्पष्ट हो। (b) प्रारूपण की भाषा अलंकारयुक्त हो।
   (c) प्रारूपण की भाषा विषयानुकूल हो। (d) प्रारूपण की भाषा सरल हो।

9. इनमें शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है :
   (a) अनुगृहीत (b) अनुगृहित (c) अनुगिरहीत (d) अनुगीरहीत

**10.** इनमें अशुद्ध वाक्य है :

(a) उसे वहाँ जाना ही नहीं था ।
(b) उसके प्राण पखेरु उड़ गए ।
(c) उन्नति के मार्ग में संकट भी आते ही हैं ।
(d) प्रकृति की सुंदरता ने मेरा मन मोह लिया ।

**11.** इनमें तत्सम शब्द नहीं है :

(a) इक्षु (b) प्रस्तर (c) अद्य (d) जोगी

**12.** इनमें बहुव्रीहि समास का उदाहरण नहीं है :

(a) चक्रपाणि (b) नीलगगन (c) वीणापाणि (d) पीताम्बर

**13.** 'वार्षिकोत्सव' शब्द में संधि है

(a) गुण (b) दीर्घ (c) वृद्धि (d) यण्

**14.** इनमें किस शब्द में 'प्र' उपसर्ग है ?

(a) प्रत्यर्पण में (b) प्रत्येक में (c) प्रस्तुत में (d) प्रतिरोध में

**15.** इनमें 'अज्ञ' शब्द का विलोम है :

(a) ज्ञानी (b) पंडित (c) विद्वान् (d) विज्ञ

**16.** एच टी एम एल क्या है ?

(a) ई–मेल (b) वेबसाइट (c) ब्राउजर (d) वेबभाषा

**17.** इनमें भाववाचक संज्ञा है :

(a) भूख (b) हाथी (c) सोना (d) गंगा

**18.** 'बादल राग' कविता किस कवि की रचना है ?

(a) सुमित्रानन्दन पंत की
(b) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की
(c) महादेवी वर्मा की
(d) जयशंकर प्रसाद की

**19.** इनमें मध्यपुरुष सर्वनाम है :

(a) तू (b) मैं (c) हम (d) वह

**20.** इनमें उत्तराखंड के रचनाकार हैं :

(a) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(b) महादेवी वर्मा
(c) राहुल सांकृत्यायन
(d) जीत सिंह नेगी

## PART-2
## General Knowledge & General Studies

**21.** In which year Akbar started Din-i-Ilahi ?
(a) 1580 (b) 1581 (c) 1582 (d) 1583

**22.** Who among the following was not a member of the Cabinet Mission (1946) ?
(a) Pathick Lawrence (b) A.V. Alexander
(c) William Wedderburn (d) Stafford Cripps

**23.** Who was the Viceroy of India at the time of partition of Bengal in 1905 ?
(a) Lord Ripon (b) Lord Elgin (c) Lord Curzon (d) Lord Canning

**24.** Who wrote the book named 'Social Contract' ?
(a) Voltaire (b) Thomas Paine (c) Montesquieu (d) Rousseau

**25.** Bailadila is famous for which of the following mineral ?
(a) Limestone (b) Iron ore (c) Coal (d) Nickel

**26.** 'U' shaped valley is formed by which of the following geomorphic agent ?
(a) Glacier (b) River (c) Wind (d) Underground water

**27.** Which one of the following Indian state has longest coastline ?
(a) Maharashtra (b) Kerala (c) Tamil Nadu (d) Gujarat

**28.** Gurushikhar is situated in _________.
(a) Aravali Range (b) Assam Himalaya (c) Vindhyan Range (d) Satpura

**29.** Vedda tribe is found in _________.
(a) Thailand (b) New Zealand (c) Tasman (d) Sri Lanka

**30.** Who was the Governor General and Viceroy of India when the Vernacular Press Act, 1878 was passed ?
(a) Lord Mayo (b) Lord Lytton (c) Lord Ripon (d) Lord Dufferin

**31.** In which of the following case Ramprasad Bismil and Asfaqullah were hanged ?
(a) Kakori Conspiracy Case (b) Lahore Conspiracy Case
(c) Central Assembly Bomb Case (d) Chatgaon Case

**32.** Which one of the following was a Marathi nationalist writer ?
(a) Laxminath Bejbarua (b) Vishnushastri Chiplunkar
(c) Subramanium Bharati (d) Bhartendu Harishchandra

**33.** Which amendment of the constitution made it clear that the number of ministers including the Prime Minister shall not exceed 15% of the total strength of Lok Sabha ?
(a) $89^{th}$ Amendment (b) $90^{th}$ Amendment
(c) $91^{st}$ Amendment (d) $92^{nd}$ Amendment

**34.** Which one of the following is the headquarters of the United Nations Human Rights Commission ?
(a) Rome (b) New York (c) Geneva (d) Hague

**35.** Illegal migrants from which one of the following country are not eligible for Indian citizenship under the Citizenship (Amendment) Act, 2019 ?
(a) Afghanistan (b) Sri Lanka (c) Bangladesh (d) Pakistan

## भाग-2

## सामान्य ज्ञान व सामान्य अध्ययन

21. अकबर ने दीन–ए–इलाही की शुरुआत किस वर्ष की थी ?
(a) 1580 (b) 1581 (c) 1582 (d) 1583

22. निम्नलिखित में से कौन कैबिनेट मिशन (1946) का सदस्य नहीं था ?
(a) पैथिक लारेन्स (b) ए.वी. अलेक्जेंडर (c) विलियम वेडरबर्न (d) स्टैफर्ड क्रिप्स

23. 1905 में बंगाल विभाजन के समय भारत का वायसराय कौन था ?
(a) लॉर्ड रिपन (b) लॉर्ड एल्गिन (c) लॉर्ड कर्ज़न (d) लॉर्ड केनिंग

24. ‘सोशल कॉन्ट्रैक्ट’ नामक पुस्तक किसने लिखी ?
(a) वॉल्टेयर (b) थॉमस पेन (c) मॉण्टेस्क्यू (d) रूसो

25. बैलाडिला निम्न में से किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है ?
(a) चूना पत्थर (b) लौह अयस्क (c) कोयला (d) निकैल

26. ‘यू’ आकार की घाटी का निर्माण निम्न में से कौन सा भू-आकृतिक कारक करता है ?
(a) हिमानी (b) नदी (c) वायु (d) भूमिगत जल

27. निम्न में से किस भारतीय राज्य की सबसे लम्बी तटरेखा है ?
(a) महाराष्ट्र (b) केरल (c) तमिलनाडु (d) गुजरात

28. गुरुशिखर __________ में स्थित है ।
(a) अरावली श्रेणी (b) असम हिमालय (c) विन्ध्यन श्रेणी (d) सतपुड़ा

29. वेद्दा जनजाति __________ में पायी जाती है ।
(a) थाइलैण्ड (b) न्यूजीलैण्ड (c) तस्मान (d) श्रीलंका

30. 1878 का वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट जब पारित किया गया उस वक्त भारत के गवर्नर जनरल एवम् वायसराय कौन थे ?
(a) लॉर्ड मेयो (b) लॉर्ड लिट्टन (c) लॉर्ड रिपन (d) लॉर्ड डफ़रिन

31. रामप्रसाद बिस्मिल और अश्फाक़-उल्लाह को निम्नलिखित में किस मामले में फाँसी दी गई ?
(a) काकोरी षड्यंत्र केस (b) लाहौर षड्यंत्र केस
(c) केन्द्रीय सभा बम केस (d) चटगाँव केस

32. निम्नलिखित में कौन एक मराठी राष्ट्रवादी लेखक था ?
(a) लक्ष्मीनाथ बेजबरुआ (b) विष्णुशास्त्री चिपलुणकर
(c) सुब्रमण्यम् भारती (d) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

33. संविधान के किस संशोधन से यह स्पष्ट किया गया है कि प्रधानमंत्री सहित मंत्रियों की संख्या लोक सभा की कुल शक्ति की 15% से अधिक नहीं होगी ?
(a) 89वें संशोधन द्वारा (b) 90वें संशोधन द्वारा (c) 91वें संशोधन द्वारा (d) 92वें संशोधन द्वारा

34. निम्नलिखित में से कौन सा संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग का मुख्यालय है ?
(a) रोम (b) न्यूयॉर्क (c) जिनेवा (d) हेग

35. 2019 के नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के अनुसार निम्न में से किस एक देश के अवैधानिक प्रवासी नागरिकता के लिए अर्हित नहीं होंगे ?
(a) अफ़गानिस्तान (b) श्रीलंका (c) बांग्लादेश (d) पाकिस्तान

**36.** In which of the following year 'Startup India' programme was launched by Government of India ?
(a) 2014 (b) 2017 (c) 2016 (d) 2018

**37.** Who was the last Chairman of "Planning Commission, Government of India" ?
(a) Dr. Manmohan Singh (b) Shri Narendra Modi
(c) Dr. Montek Singh Ahluwalia (d) None of the above

**38.** In which of the following year "Patent Act" was introduced in India ?
(a) 1968 (b) 1970 (c) 1975 (d) 1980

**39.** In which of the following year First Five Year Plan was introduced in India ?
(a) 1954 (b) 1955 (c) 1956 (d) 1951

**40.** In which of the following year Government of India started "Twenty Point Programme" ?
(a) 1980 (b) 1978 (c) 1975 (d) 1979

**41.** Where is Eden Garden ground ?
(a) Delhi (b) Lucknow (c) Kolkata (d) Varanasi

**42.** Melbourne Cricket Club (M.C.C.) ground is located in which country ?
(a) India (b) New Zealand (c) England (d) Australia

**43.** Pele plays which game ?
(a) Badminton (b) Hockey (c) Football (d) Cricket

**44.** In which country is Springfield College located ?
(a) England (b) Japan (c) New Zealand (d) U.S.A.

**45.** School of Lipzig is in which country ?
(a) India (b) Myanmar (c) Australia (d) Germany

**46.** Bharat Ratna Award is given by which country ?
(a) U.S.A. (b) England (c) Australia (d) India

**47.** Operating System is a/an _________.
(a) Software (b) Hardware (c) Firmware (d) Industryware

**48.** _________ is a storage device.
(a) Keyboard (b) Mouse (c) Hard disk (d) Printer

**49.** _________ is the shortcut key to open a 'New Blank' document in MS-Word.
(a) Ctrl + B (b) Ctrl + N (c) Ctrl + D (d) Ctrl + M

**50.** Which one of the following is not an Antivirus software ?
(a) Quick Heal (b) McAfee (c) Kaspersky (d) Microsoft Outlook

**51.** _________ is an Internet Search Engine.
(a) Google (b) Plotter (c) Protocol (d) Intranet

36. भारत सरकार द्वारा 'स्टार्टअप इण्डिया' कार्यक्रम निम्नलिखित में से किस वर्ष प्रारम्भ किया गया ?
(a) 2014 (b) 2017 (c) 2016 (d) 2018

37. "भारत सरकार योजना आयोग" के अंतिम अध्यक्ष कौन थे ?
(a) डॉ. मनमोहन सिंह (b) श्री नरेन्द्र मोदी
(c) डॉ. मोण्टेक सिंह अहलूवालिया (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

38. निम्नलिखित में से किस वर्ष भारत में "पेटेण्ट अधिनियम" लागू किया गया ?
(a) 1968 (b) 1970 (c) 1975 (d) 1980

39. भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना निम्नलिखित में से किस वर्ष प्रारम्भ की गयी ?
(a) 1954 (b) 1955 (c) 1956 (d) 1951

40. भारत सरकार द्वारा "बीस सूत्रीय कार्यक्रम" निम्नलिखित में से किस वर्ष प्रारम्भ किया गया ?
(a) 1980 (b) 1978 (c) 1975 (d) 1979

41. ईडन गार्डन मैदान कहाँ है ?
(a) दिल्ली (b) लखनऊ (c) कोलकाता (d) वाराणसी

42. मेलबॉर्न क्रिकेट क्लब (एम सी सी) मैदान किस देश में है ?
(a) भारत (b) न्यूज़ीलैंड (c) इंग्लैंड (d) ऑस्ट्रेलिया

43. पेले किस खेल से संबंधित हैं ?
(a) बैडमिण्टन (b) हॉकी (c) फुटबॉल (d) क्रिकेट

44. स्प्रिंगफील्ड कॉलेज किस देश में है ?
(a) इंग्लैण्ड (b) जापान (c) न्यूज़ीलैण्ड (d) यू.एस.ए.

45. स्कूल ऑफ लिपज़िग किस देश में है ?
(a) भारत (b) म्यांमार (c) ऑस्ट्रेलिया (d) जर्मनी

46. भारतरत्न पुरस्कार किस देश द्वारा दिया जाता है ?
(a) यू.एस.ए. (b) इंग्लैंड (c) ऑस्ट्रेलिया (d) भारत

47. ऑपरेटिंग सिस्टम एक _________ है ।
(a) सॉफ्टवेयर (b) हार्डवेयर (c) फर्मवेयर (d) इण्डस्ट्रीवेयर

48. _________ भंडारण का उपकरण है ।
(a) की-बोर्ड (b) माउस (c) हार्ड डिस्क (d) प्रिण्टर

49. _________ एम.एस. वर्ड में 'नया खाली' दस्तावेज़ खोलने की शॉर्टकट कुंजी है ।
(a) Ctrl + B (b) Ctrl + N (c) Ctrl + D (d) Ctrl + M


50. निम्न में से कौन सा एक एंटीवायरस सॉफ्टवेयर नहीं है ?
(a) क्विक हील (Quick Heal) (b) मैकअफी (McAfee)
(c) कैसपर्सकी (Kaspersky) (d) माइक्रोसॉफ्ट आउटलुक (Microsoft Outlook)

51. _________ एक इण्टरनेट सर्च इंजन है ।
(a) गूगल (b) प्लोटर (c) प्रोटोकॉल (d) इण्ट्रानेट

**52.** If the 3rd day of the month is Monday, which of the following will be the fifth day from 21st of this month ?

(a) Monday (b) Sunday (c) Wednesday (d) Friday

**53.** Find the missing number :




(a) 90 (b) 97 (c) 107 (d) 117

**54.** Choose the correct alternative that will complete the series :
AZBY, CXDW, EVFU, ?

(a) SHTG (b) GXHW (c) GTHS (d) STHO


**55.** Shyam travels 7 km towards North, then turns right and walks 3 km. He again turns to his right hand side and moves 7 km forward. How many kilometres is Shyam away from the place of his starting the journey ?

(a) 7 km (b) 6 km (c) 3 km (d) 14 km

**56.** The ratio of the ages of the father and the son at present is 7 : 1. After 4 years the ratio will become 4 : 1, what is the sum of the present ages of the father and the son ?

(a) 32 years (b) 35 years (c) 29 years (d) 38 years

**57.** Study the diagram and answer that how many educated youths are unemployed :




(a) 8 (b) 3 (c) 19 (d) 11

**58.** ‘A × B’ means ‘B is the mother of A’ and ‘A + B’ means ‘B is the husband of A’, then which of the following means ‘M is the son of N’ ?

(a) P + N × M (b) N × M + P (c) K + M × N (d) L + M × P

**59.** Who has written ‘Mrichchakatikam’ ?

(a) Bhasa (b) Kalidasa (c) Vasubandhu (d) Shudrak


**60.** Who was the founder of Satavahana dynasty ?

(a) Satkarni I (b) Yagyasri Satkarni
(c) Gautamiputra Satkarni (d) Simuk

**52.** यदि महीने का तीसरा दिन सोमवार है, तब निम्न में से कौन सा इस माह की 21 तारीख से पाँचवाँ दिन होगा ?

(a) सोमवार (b) रविवार (c) बुधवार (d) शुक्रवार

**53.** विलुप्त संख्या को ज्ञात करो :




(a) 90 (b) 97 (c) 107 (d) 117

**54.** सही विकल्प चुनिये जो श्रेणी को पूर्ण करता है :

AZBY, CXDW, EVFU, ?

(a) SHTG (b) GXHW (c) GTHS (d) STHO


**55.** श्याम 7 कि.मी. उत्तर की तरफ जाता है, फिर वह दायें मुड़कर 3 कि.मी. जाता है । वह पुन: अपने दायें हाथ की तरफ मुड़ता है और 7 कि.मी. जाता है । अब श्याम अपने प्रारम्भिक स्थान से कितनी दूर है ?

(a) 7 कि.मी. (b) 6 कि.मी. (c) 3 कि.मी. (d) 14 कि.मी.

**56.** पिता और पुत्र की वर्तमान आयु का अनुपात 7 : 1 है । चार साल बाद यह अनुपात 4 : 1 हो जाता है, तो वर्तमान में पिता और पुत्र की आयु का योग क्या होगा ?

(a) 32 वर्ष (b) 35 वर्ष (c) 29 वर्ष (d) 38 वर्ष

**57.** निम्न चित्रानुसार बताइये कि कितने शिक्षित युवा बेरोज़गार हैं :




(a) 8 (b) 3 (c) 19 (d) 11

**58.** ‘A × B’ का अर्थ है कि ‘B, A की माँ है’ और ‘A + B’ का अर्थ है कि ‘B, A का पति है’ । तब ‘M, N का बेटा है’ के लिए निम्न में से कौन सा कथन सही है ?

(a) P + N × M (b) N × M + P (c) K + M × N (d) L + M × P

**59.** ‘मृच्छकटिकम्’ किसने लिखी है ?

(a) भास (b) कालिदास (c) वसुबन्धु (d) शूद्रक

**60.** सातवाहन वंश का संस्थापक कौन था ?

(a) शातकर्णी प्रथम (b) यज्ञश्री शातकर्णी (c) गौतमीपुत्र शातकर्णी (d) सिमुक

## PART – 3
## Uttarakhand Related Various Knowledge

**61.** Which of the following sub-tribes of Uttarakhand has not its habitats in high mountains ?
(a) Tolcha (b) Shauka (c) Khunka (d) Marcha

**62.** Govind Wildlife Sanctuary is situated in which of the following district ?
(a) Chamoli (b) Uttarkashi (c) Pithoragarh (d) Nainital

**63.** Which of the following pair is not correct ?
(a) Lipulekh – Pithoragarh (b) Tungan – Chamoli
(c) Barahoti – Uttarkashi (d) Trail – Bageshwar

**64.** Which of the following thrust separates the lesser Himalaya and the Greater Himalaya in Uttarakhand ?
(a) Main Boundary Thrust / Fault (b) Trans Himadri Thrust / Fault
(c) Main Central Thrust / Fault (d) Almora Thrust / Fault

**65.** Kotadun is located in which of the following districts ?
(a) Pauri (b) Dehradun (c) Nainital (d) Champawat

**66.** Which of the following district of Uttarakhand lies mostly in Tarai region ?
(a) Udhamsingh Nagar (b) Dehradun
(c) Almora (d) Tehri

**67.** According to the Census 2011, the population density of Uttarakhand was _________.
(a) 189 persons per sq. km. (b) 260 persons per sq. km.
(c) 300 persons per sq. km. (d) 289 persons per sq. km.

**68.** Lakha Mandal is situated in which district of Uttarakhand ?
(a) Tehri (b) Dehradun (c) Pauri (d) Haridwar

**69.** Which of the following district share boundaries with maximum number of districts of Uttarakhand ?
(a) Nainital (b) Almora (c) Pauri (d) Chamoli

**70.** Which of the following pairs is not correctly matched ?

| | **Capital** | | **Ruler** |
|---|---|---|---|
| (a) | Srinagar | – | Ajaypal |
| (b) | Chandpur Garhi | – | Bhanupratap |
| (c) | Almora | – | Kanakpal |
| (d) | Tehri | – | Sudarshan Shah |

**71.** Whom did Aurangzeb send to the court of Prithvipat Shah to get Suleman Shikoh ?
(a) Mohan Singh (b) Ram Singh (c) Shyam Singh (d) Man Singh

## भाग-3
## उत्तराखण्ड से संबंधित विविध जानकारियाँ

**61.** निम्नलिखित में से उत्तराखण्ड की किस उप–जनजाति का निवास–स्थान उच्च पर्वतों में नहीं है ?
(a) तोलछा (b) शौका (c) खुनका (d) मार्छा

**62.** गोविन्द वन्यजीव अभयारण्य निम्नलिखित में से किस जनपद में स्थित है ?
(a) चमोली (b) उत्तरकाशी (c) पिथौरागढ़ (d) नैनीताल

**63.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही नहीं है ?
(a) लिपूलेख – पिथौरागढ़
(b) तुंगन/तुंजन – चमोली
(c) बाड़ाहोती – उत्तरकाशी
(d) ट्रेल – बागेश्वर

**64.** उत्तराखण्ड में निम्नलिखित में से कौन सा भ्रंश लघु हिमालय और महान हिमालय को अलग करता है ?
(a) मुख्य सीमान्त भ्रंश
(b) ट्रान्स हिमालय भ्रंश
(c) मुख्य केन्द्रीय भ्रंश
(d) अल्मोड़ा भ्रंश

**65.** निम्नलिखित जनपदों में से कोटादून किसमें अवस्थित है ?
(a) पौड़ी (b) देहरादून (c) नैनीताल (d) चम्पावत

**66.** उत्तराखण्ड के कौन से जनपद का क्षेत्र मुख्यत: तराई क्षेत्र में स्थित है ?
(a) उधमसिंह नगर (b) देहरादून (c) अल्मोड़ा (d) टिहरी

**67.** 2011 की जनगणना के अनुसार, उत्तराखण्ड में जनघनत्व _________ था ।
(a) 189 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.
(b) 260 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.
(c) 300 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.
(d) 289 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.

**68.** लाखा मण्डल उत्तराखण्ड के किस जिले में स्थित है ?
(a) टिहरी (b) देहरादून (c) पौड़ी (d) हरिद्वार

**69.** निम्न में से कौन सा जिला उत्तराखण्ड के सर्वाधिक जिलों से सीमा साझा करता है ?
(a) नैनीताल (b) अल्मोड़ा (c) पौड़ी (d) चमोली

**70.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | **राजधानी** | | **शासक** |
|---|---|---|---|
| (a) | श्रीनगर | – | अजयपाल |
| (b) | चाँदपुर गढ़ी | – | भानुप्रताप |
| (c) | अल्मोड़ा | – | कनकपाल |
| (d) | टिहरी | – | सुदर्शन शाह |

**71.** औरंगजेब ने सुलेमान शिकोह को प्राप्त करने के लिए पृथ्वीपत शाह के दरबार में किसको भेजा था ?
(a) मोहनसिंह (b) रामसिंह (c) श्यामसिंह (d) मानसिंह

**72.** Who among the following was responsible for the comprehensive land settlement in Garhwal ?
(a) Hardwick (b) Atkinson (c) Beckett (d) Ross

**73.** What is the historical name of Uttarkashi ?
(a) Barahat (b) Brahmapura (c) Ranihat (d) Baijnath

**74.** Which of the following places was known as Mayapuri in ancient texts ?
(a) Rishikesh (b) Kotdwara (c) Almora (d) Haridwar

**75.** Who among the following Parmar rulers had the great military leader Madhosingh Bhandari ?
(a) Man Shah (b) Fateh Shah (c) Mahipat Shah (d) Lalit Shah

**76.** 'Nak Katti Rani' of Garhwal was ruling on behalf of which Parmar ruler ?
(a) Shyam Shah (b) Mahipat Shah (c) Prithvipat Shah (d) Fateh Shah

**77.** Which King of Garhwal gave land to Sikh Guru Ram Rai in Dehradun ?
(a) Fatehpati Shah (b) Prithavipati Shah (c) Pradeep Shah (d) Medini Shah

**78.** What was the name of the Mughal prince who took asylum in Srinagar Garhwal ?
(a) Dara Shikoh (b) Suleman Shikoh (c) Murad (d) Sipihar Shikoh

**79.** 'Manodya Kavya' was composed during the period of which Panwar ruler ?
(a) Man Shah (b) Sahajpal (c) Pradeep Shah (d) Medini Shah

**80.** Who was the founder of Srinagar (Garhwal) ?
(a) Sahajpal (b) Ajaypal (c) Man Shah (d) Fatehpati Shah

**81.** Garhwal was under Gorkha rule during which years ?
(a) 1804 – 1815 (b) 1815 – 1837 (c) 1800 – 1835 (d) 1803 – 1900

**82.** In which year the publication of newspaper 'Garhwali' began ?
(a) 1868 (b) 1871 (c) 1902 (d) 1905

**83.** Who of the following is the author of the book based on the Chipko Movement titled 'Hari Bhari Ummid' ?
(a) Dham Singh Negi (b) Vijay Jardhari
(c) Ram Chandra Guha (d) Shekhar Pathak

**84.** The tax levied on the Brahmans under Gorkha rule was –
(a) Kushahi (b) Pungadi (c) Salami (d) Timahi

**85.** Which of the following is not a folk instrument of Uttarakhand ?
(a) Dhol Damau (b) Ransingha (c) Hudka (d) Tanpura

**86.** 'Kalsi Inscription' is related to –
(a) Chandragupta Maurya (b) Kanishka
(c) Ashoka (d) Pushyamitra Sunga

72. निम्नलिखित में से कौन गढ़वाल के व्यापक भूमि बंदोबस्त के लिए उत्तरदायी था ?
(a) हार्डविक (b) एटकिंसन (c) बेकेट (d) रॉस

73. उत्तरकाशी का ऐतिहासिक नाम क्या है ?
(a) बाड़ाहाट (b) ब्रह्मपुर (c) रणिहाट (d) बैजनाथ

74. निम्नलिखित में से किस स्थान को प्राचीन शास्त्रों में मायापुरी कहा गया है ?
(a) ऋषिकेश (b) कोटद्वार (c) अल्मोड़ा (d) हरिद्वार

75. निम्नलिखित परमार शासकों में से किसके पास महान सेनानायक माधोसिंह भंडारी था ?
(a) मान शाह (b) फतेह शाह (c) महिपत शाह (d) ललित शाह

76. किस परमार शासक की संरक्षिका के रूप में गढ़वाल की 'नाक कट्टी रानी' शासन कर रही थी ?
(a) श्याम शाह (b) महिपत शाह (c) पृथ्वीपत शाह (d) फतेह शाह

77. सिक्ख गुरु रामराय को देहरादून में ज़मीन किस गढ़वाल नरेश ने प्रदान की थी ?
(a) फतेहपति शाह (b) पृथ्वीपति शाह (c) प्रदीप शाह (d) मेदिनी शाह

78. श्रीनगर गढ़वाल में शरण लेने वाले मुगल शाहजादे का नाम क्या था ?
(a) दारा शिकोह (b) सुलेमान शिकोह (c) मुराद (d) सिपिहर शिकोह

79. 'मानोदय काव्य' की रचना किस पंवार शासक के शासनकाल में हुई थी ?
(a) मान शाह (b) सहजपाल (c) प्रदीप शाह (d) मेदिनी शाह

80. श्रीनगर (गढ़वाल) का संस्थापक कौन था ?
(a) सहजपाल (b) अजयपाल (c) मान शाह (d) फतेहपति शाह

81. गढ़वाल में गोरखा शासन किन वर्षों के बीच रहा ?
(a) 1804 – 1815 (b) 1815 – 1837 (c) 1800 – 1835 (d) 1803 – 1900

82. 'गढ़वाली' समाचार-पत्र का प्रकाशन किस वर्ष प्रारम्भ हुआ ?
(a) 1868 (b) 1871 (c) 1902 (d) 1905

83. निम्न में से कौन चिपको आन्दोलन पर आधारित 'हरी भरी उम्मीद' शीर्षक पुस्तक का लेखक है ?
(a) धाम सिंह नेगी (b) विजय जरधारी (c) रामचन्द्र गुहा (d) शेखर पाठक

84. गोरखा शासनकाल में ब्राह्मणों पर लगने वाला कर था
(a) कुशही (b) पुंगाडी (c) सलामी (d) तिमाही

85. निम्न में से कौन सा उत्तराखण्ड का लोकवाद्य नहीं है ?
(a) ढोल दमाऊ (b) रणसिंघा (c) हुड़का (d) तानपुरा

86. 'कालसी शिलालेख' सम्बन्धित है
(a) चन्द्रगुप्त मौर्य (b) कनिष्क (c) अशोक (d) पुष्यमित्र शुंग

**87.** In which of the following work Char Dham project of Uttarakhand is associated with ?
(a) Maintenance of temples (b) Road construction
(c) Pollution control (d) None of the above

**88.** Which of the following is related to "Golden Card Scheme of Uttarakhand Government" ?
(a) Food grain distribution (b) Free treatment
(c) Domicile certificate (d) None of the above

**89.** According to Census 2011, the literacy rate of Uttarakhand state is :
(a) 87.28% (b) 82.38% (c) 78.82% (d) 90.21%

**90.** Which of the following scheme was started by Uttarakhand Government in 2013 for women empowerment ?
(a) Ananya Yojana (b) Gaura Devi Yojana
(c) Nirbhaya Yojana (d) None of the above

**91.** Which of the following portals launched in Uttarakhand to provide employment to youth ?
(a) HOPE (b) Rojgar (c) Employment (d) None of the above

**92.** Who among the following is the Chief Secretary of Uttarakhand at present ?
(a) Lt. Gen. (Retd.) Gurmeet Singh (b) Sukhbir Singh Sandhu
(c) Surjeet Singh Barnala (d) Vipin Chandra Joshi

**93.** Who among the following has been selected as the first recipient of Uttarakhand Gaurav Samman in the field of Music ?
(a) Narendra Singh Negi (b) Preetam Bharatvan
(c) Pawandeep Rajan (d) Basanti Bisht

**94.** Who among the following candidates won the by-election held at Bageshwar in Uttarakhand in September, 2023 ?
(a) Chandan Das (b) Basant Kumar (c) Parvati Dass (d) Arjun Kumar Dev

**95.** How many members are elected in Lok Sabha from Uttarakhand ?
(a) 4 (b) 6 (c) 5 (d) 7

**96.** Shyamla Tal is situated in which district of Uttarakhand ?
(a) Bageshwar (b) Champawat (c) Almora (d) Tehri

**97.** Which of the following river forms the natural boundary in the west side of Uttarakhand ?
(a) Alaknanda (b) Bhagirathi (c) Tons (d) Kali

**98.** Which of the following tribe does not belong to Uttarakhand ?
(a) Tharu (b) Bhotia (c) Raji (d) Gaddi

**99.** Tehri dam has been constructed on the confluence of which rivers ?
(a) Alaknanda and Mandakini (b) Bhagirathi and Asiganga
(c) Alaknanda and Pindar (d) Bhagirathi and Bhilangana

**100.** Maneri-Bhali Hydropower project has been constructed on which of the following rivers ?
(a) Eastern Ramganga (b) Bhagirathi
(c) Alaknanda (d) Western Dhauli

87. उत्तराखण्ड में चलने वाली चार–धाम परियोजना निम्न में किस कार्य से सम्बन्धित है ?
(a) मन्दिरों का अनुरक्षण
(b) सड़क निर्माण
(c) प्रदूषण नियंत्रण
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

88. उत्तराखण्ड सरकार की "गोल्डन कार्ड योजना" निम्न में से किससे सम्बन्धित है ?
(a) खाद्यान्न आबंटन (b) नि:शुल्क उपचार (c) मूल निवास प्रमाणपत्र (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

89. 2011 की जनगणना के अनुसार, उत्तराखण्ड राज्य की साक्षरता दर है
(a) 87.28% (b) 82.38% (c) 78.82% (d) 90.21%

90. उत्तराखण्ड सरकार द्वारा वर्ष 2013 में महिला सशक्तिकरण के लिये निम्नलिखित में से कौन सी योजना प्रारम्भ की ?
(a) अनन्या योजना (b) गौरा देवी योजना (c) निर्भया योजना (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

91. उत्तराखण्ड में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये निम्न में से कौन सा पोर्टल प्रारम्भ किया गया है ?
(a) होप (HOPE) (b) रोजगार (c) इम्प्लायमेंट (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

92. वर्तमान में उत्तराखण्ड के मुख्य सचिव निम्न में से कौन हैं ?
(a) ले.जन. (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह
(b) सुखबीर सिंह संधू
(c) सुरजीत सिंह बरनाला
(d) विपिन चन्द्र जोशी

93. संगीत के क्षेत्र में पहले उत्तराखण्ड गौरव सम्मान को प्राप्त करने के लिए निम्न में से किसका चयन किया गया ?
(a) नरेन्द्र सिंह नेगी (b) प्रीतम भरतवाण (c) पवनदीप राजन (d) बसंती बिष्ट

94. सितम्बर 2023 में उत्तराखण्ड के बागेश्वर उप चुनाव में निम्न में से कौन सा उम्मीदवार विजयी हुआ ?
(a) चन्दन दास (b) बसन्त कुमार (c) पार्वती दास (d) अर्जुन कुमार देव

95. उत्तराखण्ड से लोक सभा में कितनी संख्या में सदस्य निर्वाचित होते हैं ?
(a) चार (b) छ: (c) पाँच (d) सात

96. श्यामला ताल उत्तराखण्ड के किस जिले में स्थित है ?
(a) बागेश्वर (b) चम्पावत (c) अल्मोड़ा (d) टिहरी

97. निम्नलिखित में से कौन सी नदी उत्तराखण्ड के पश्चिम दिशा में प्राकृतिक सीमा बनाती है ?
(a) अलकनंदा (b) भागीरथी (c) टोंस (d) काली

98. निम्नलिखित में से कौन सी जनजाति उत्तराखण्ड से सम्बन्धित नहीं है ?
(a) थारू (b) भोटिया (c) राजि (d) गद्दी

99. टिहरी बाँध का निर्माण किन नदियों के संगम पर हुआ है ?
(a) अलकनन्दा एवं मन्दाकिनी
(b) भागीरथी एवं असीगंगा
(c) अलकनन्दा एवं पिण्डार
(d) भागीरथी एवं भिलंगना

100. मनेरी–भाली जलविद्युत परियोजना का निर्माण निम्नलिखित में से किस नदी पर किया गया है ?
(a) पूर्वी रामगंगा (b) भागीरथी (c) अलकनन्दा (d) पश्चिमी धौली

**Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**